4306

Register Number | | | | | | |

Language — Part I — HINDI — Paper I

Time Allowed : 3 Hours] [Maximum Marks : 100

I. निम्नलिखित में से किसी एक की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 1 × 5 = 5

1) लोलुप व्यक्ति धन पुर मध्य रहहु,
विष वृक्ष फलहु सम होय ॥

2) मेरी भव-बाधा हरौ, राधा नागरि सोइ ।
जा तन की झांई परै, स्याम, हरित-द्युति होई ॥

II. निम्नलिखित में से किन्हीं दो की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 2 × 5 = 10

3) हरे खेत लहरे नद निर्झर
जीवन शोभा उर्वर ।
विश्व कर्म रत कोटि बाहु कर
अगणित पद ध्रुव पथ पर ॥

4) श्याम तन, भर बँधा यौवन,
नत नयन, प्रिय-कर्म-रत मन,
गुरु हथौड़ा हाथ,
करती बार-बार प्रहार ।

5) मुनियों का सत्संग यहाँ है,
जिन्हें हुआ है तत्व-ज्ञान
सुनने को मिलते हैं उनसे
नित्य नये अनुपम आख्यान ।

III. निम्नलिखित में से किसी एक पद्य का सारांश लिखिए : 1 × 15 = 15

6) भारत गीत

7) नदी के द्वीप

8) पहिये ।

[Turn over

IV. पद्य लेखन : 1 × 10 = 10

9) कबीर के तीन दोहे लिखिए ।

अथवा

10) रहीम के कोई तीन दोहे लिखिए ।

V. 11) निम्नलिखित में से किसी एक का सोदाहरण लक्षण लिखिए : 1 × 5 = 5

अ) सोरठा

आ) दोहा

इ) रोला ।

12) निम्नलिखित में से किसी एक का सोदाहरण लक्षण लिखिए : 1 × 5 = 5

अ) अनुप्रास

आ) यमक

इ) उपमा ।

VI. निम्नलिखित में से किन्हीं दो की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 2 × 5 = 10

13) ''हमारे प्रभु, अवगुन चित्त न धरौ ....''

मेरे हृदय में फिर उत्साह आया कि ये तो मेरे प्यारे देश की बातें हैं । आनन्दातिरेक से मेरा हृदय आनंदमय हो गया ।

14) इसमें अर्थशास्त्र का एक गंभीर सिद्धांत भी प्रकट होता है । प्रत्येक वस्तु में से जितना मूल्य संभव हो, निकाल लेना चाहिए ।

15) अब शस्त्रों की झंकार सुनने को नहीं मिलेगी । अब आहतों की चीत्कार बंद हो जायेगी ।

16) कुण्डलकेशी एक धर्म-प्रधान काव्य है ।

VII. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 4 × 3 = 12

17) प्रेमचन्द कब विदेश गए और क्यों ?

18) लेखक ने घोड़े की कौन-कौन सी उपमाएँ दी है ?

19) अशोक के मन परिवर्तन का कारण क्या था ?

20) नखासकोने के प्रति लेखिका के आकर्षण का क्या कारण था ?

21) कृत्रिम उपग्रहों की क्या उपयोगिता है ?

22) तमिल के पंच महाकाव्य क्या-क्या हैं ?

23) कृषिजन्य प्रदूषण के कारण क्या हैं ?

VIII. निम्नलिखित में से किसी एक पाठ का सारांश लगभग तीन सौ शब्दों में लिखिए : 1 × 15 = 15

24) नीलकंठ मोर

25) तमिल काव्य

26) यह मेरी मातृभूमि है ।

IX. 27) निम्नलिखित के सही जोड़े मिलाइए : 5 × 1 = 5

'क'	'ख'
अ) महादेवी वर्मा	i) विनय पत्रिका
आ) गिरजाकुमार माथुर	ii) यशोधरा
इ) तुलसीदास	iii) नाश और निर्माण
ई) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र	iv) मेरा परिवार
उ) मैथिलीशरण गुप्त	v) मातृ-भाषा प्रेम ।

X. 28) निम्नलिखित में से किन्हीं चार के अर्थ लिखकर वाक्यों में उनका प्रयोग कीजिए : 4 × 2 = 8

अ) प्रशंसा करना

आ) तन्मय होना

इ) निवेदन करना

ई) भेंट करना

उ) उपेक्षा करना

ऊ) परित्याग करना

ऋ) नजर आना

ए) व्यवस्था करना ।